कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नया रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,

E-mail- cgvyapam@gmail.com, Website- cgvyapam.choice.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2018 / 1799 रायपुर, दिनांक 04/08/2018

/ / प्रेस विज्ञप्ति / /

(CROS17), (RBOS16) एवं (ETOS17) के संयुक्त कौशल परीक्षा का संशोधित परिणाम

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा विभिन्न विभागों के अंतर्गत स्टेनोग्राफर (हिन्दी एवं अंग्रेजी), स्टेनो टायपिस्ट (हिन्दी एवं अंग्रेजी), डाटाएंट्री ऑपरेटर, सहायक ग्रेड–3) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु (CROS17), (RBOS16) एवं (ETOS17) हेतु संयुक्त कौशल परीक्षा वर्ष 2017 में आयोजित की गई थी।

लिखित परीक्षा उपरांत पात्र अभ्यर्थियों की ऑनलाइन कौशल–परीक्षा दिनांक 03 एवं 04 जून 2017 को आयोजित की गई थी । कौशल परीक्षा में अभ्यर्थियों को क्वालीफाइड या नाट क्वालीफाइड घोषित किया गया था।

जारी परीक्षा परिणाम में स्टेनोग्राफर (हिन्दी एवं अंग्रेजी) तथा स्टेनो टायपिस्ट (हिन्दी एवं अंग्रेजी) की कौशल परीक्षा में कोई भी अभ्यर्थी क्वालीफाई नहीं हुए थे। कुछ अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन कौशल परीक्षा के शार्टहेण्ड मूल्यांकन में त्रुटि है, इस बाबत् व्यापम में आवेदन प्रस्तुत किया जिसके आधार पर विषय विशेषज्ञों से परीक्षण कराया गया। प्रथम दृष्टया शार्टहेण्ड का कम्प्यूटराइज्ड मूल्यांकन त्रुटिपूर्ण पाया गया।

अतः संबंधित फर्म को स्टेनोग्राफर (हिन्दी एवं अंग्रेजी) तथा स्टेनो टायपिस्ट (हिन्दी एवं अंग्रेजी) के कौशल परीक्षा के शार्टहेण्ड उत्तरशीट के कम्प्यूटराईज्ड मूल्यांकन को पुनः परीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया, कम्प्यूटराईज्ड मूल्यांकन के स्थान पर फर्म द्वारा शार्टहेण्ड का मेनुवली मूल्यांकन किया गया तथा कौशल परीक्षा का संशोधित परिणाम व्यापम को प्रेषित किया गया। मेनुअल शार्टहेण्ड मूल्यांकन उपरांत स्टेनोग्राफर (हिन्दी) पद हेतु 07 तथा स्टेनो टायपिस्ट (हिन्दी) पद हेतु 08 अभ्यर्थी क्वालीफाई हुए है। स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी) एवं स्टेनो टायपिस्ट (अंग्रेजी) के पद हेतु कोई भी अभ्यर्थी क्वालीफाई नहीं हुए है।

सम्बंधित फर्म से पुनर्मूल्यांकन पश्चात प्राप्त कौशल परीक्षा के परिणाम के सम्बंध में दिनांक 03.08.2018 को उक्त परीक्षा से सम्बंधित विभागों के नोडल अधिकारियों की बैठक ली गई एवं वस्तुस्थिति से अवगत किया गया। सभी अधिकारियों ने संशोधित परीक्षा परिणाम जारी करने पर सहमति दिए है, अतः कौशल परीक्षा का संशोधित परिणाम व्यापम की वेबसाइट cgvyapam.choice.gov.in पर दिनांक 04.08.2018 को प्रदर्शित कर दिया गया है। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में उनके द्वारा दिये गये विभागों के प्राथमिकता क्रम के आधार पर विभागों का आबंटन व्यापम द्वारा किया जावेगा तथा संबंधित विभागों को मेरिट सूची यथाशीघ्र प्रेषित की जावेगी।

कृपया उक्त विज्ञप्ति अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

सलाहकार
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
नया रायपुर